हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 18 दिसंबर, 2023

तापमान
अधिकतम 24.7 डिग्री
न्यूनतम 6.2 डिग्री

11 स्थापना दिवस पर बुजुर्गों को किया सम्मानित



12 लोकसभा और विधानसभा में होगी प्रचंड जीत : कैप्टन



## शहर में आज

- नगर निगम की टीम शहर से अतिक्रमण हटाएगी
- नगर निगम बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए चलाएगा अभियान
- विकसित भारत संकल्प यात्रा रोहतक में करेगी प्रचार
- गोकर्ण धाम पर योग शिविर सुबह 6 बजे से
- छोटूराम चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे

## खबर संक्षेप



### स्वतंत्र वीर व प्रतीक ने जीता स्वर्ण पदक

**रोहतक।** बैंगलुरू में हुए नेशनल स्कूल गेम्स में हरियाणा ने लॉन टेनिस में स्वर्ण पदक हासिल किया। हरियाणा की टीम का प्रतिनिधित्व स्वतंत्र वीर सिंह काजल व प्रतीक श्योराण ने किया। दोनों ही खिलाड़ी रोहतक के मकड़ौली टोल प्लाजा के नजदीक स्थित डायमेट्रिक्स स्पोर्ट्स अकादमी में लॉन टेनिस का प्रशिक्षण हासिल कर रहे हैं। यह जानकारी अकादमी के संचालक अमित काजल ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि नेशनल स्कूल गेम्स 11 से 14 दिसंबर तक बैंगलुरू में हुए थे। जिसमें इन दोनों प्रतिभावान खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इससे पहले ही ये दोनों खिलाड़ी कई प्रतियोगिता में पदक हासिल कर चुके हैं।

### टिटोली में लाइब्रेरी का उद्घाटन



**रोहतक।** टिटोली से युवा साथी विकास आर्य ने बताया कि गांव टिटोली मे लड़कियों के लिए एक लाइब्रेरी खोली गई है। जिसका उद्घाटन गांव की बेटियों ने रविवार को कुंडू भवन में किया गया। कार्यक्रम में रमेश, संजय, अरविंद, मनीष, नवीन, रूपक, अंशु पहलवान, प्रवीण, रोहित पहलवान, वजीर आर्य मौजूद रहे।

### परिणाम में सुधार के लिए वेबिनार आज

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित करवाई जाने वाली सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी वार्षिक परीक्षा फरवरी, मार्च-2024 के परिणाम में सुधार के लिए 18 दिसंबर को सुबह 11 बजे यूटयूब लाइव के माध्यम से निदेशालय, सेकेंडरी शिक्षा, हरियाणा के सहयोग से वेबिनार का आयोजन किया जायेगा। अजय कुमार ने बताया कि फरवरी व मार्च-2024 में संचालित होने वाली सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी की वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम में गुणात्मक सुधार के लिए प्रयास किए गए हैं, उनको सार्थक रूप देने के लिए प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, उप-जिला शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों, राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों के मुखियाओं को वेबिनार में जानकारी दी जाएगी।

# शहर में गंदगी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई, 11 हजार तक लगेगा जुर्माना

■ **खाली प्लाटों की भी करवानी होगी चार दीवारी, नहीं तो कटेगा चालान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में जगह-जगह गंदगी फैलाने वाले लोगों पर नकेल कसने की तैयारी की गई है। नगर निगम की तरफ से गंदगी फैलाने वाले लोगों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन पर 11 हजार रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके अलावा गंदगी फैलाने का कारण बन रहे खाली प्लाट के मालिकों के भी चालान किए जाएंगे। निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह ने सफाई कार्यों की समीक्षा करने के अलावा गंदगी के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के सख्त आदेश दिए हैं।

■ **निगम आयुक्त ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

आयुक्त ने कहा कि विगत दिनों ही नगर निगम व पालिकाओं के अधिकारियों को विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई करवाने के आदेश दिए गए थे। जिसके लिए निगम क्षेत्र को पांच जोन व पालिकाओं में एक जोन में बांटा गया और अधिकारियों व कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई गई थी। हर वार्ड में टीमों द्वारा वार्ड पार्षदों के साथ तालमेल कर सफाई करवाई गई। बैठक के दौरान सफाई कार्य की समीक्षा की गई। इस दौरान यह पाया गया कि कुछ स्थानों पर लोगों द्वारा कूड़ा, गोबर एंव निर्माण सामग्री व मलबा डाला जाता है। इस बारे में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी क्षेत्र में कूड़ा एंव निर्माण सामग्री नहीं मिलनी चाहिए।



**रोहतक।** अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह।

यदि कोई व्यक्ति गंदगी फैलाता पाया जाता है तो 11 हजार रुपये तक चालान किया जाएगा। आयुक्त ने बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजने के लिए चलाए गए अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा पालतू पशुओं को सड़क पर छोड़ने वाले लोगों पर भी 11 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। आयुक्त की तरफ से चालान के लिए नगर अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, भवन निरीक्षक, मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक व सहायक सफाई निरीक्षक को शक्तियां दी गई। अब टीम हर वार्ड में दौरा करेगी और गंदगी फैला रहे लोगों की पहचान की जाएगी। इसके बाद उनके चालान भी किए जाएंगे।

### मलबा डालने के लिए सुनारियां जेल रोड पर जगह निर्धारित

आयुक्त ने बताया कि गोबर एंव निर्माण सामग्री समेत मलबा डालने के लिए सुनारियां जेल रोड पर जगह निर्धारित की जा चुकी है। इसके अलावा यदि कोई व्यक्ति शहर में इधर-उधर कूड़ा, गोबर व अन्य सामान डालते पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई होगी। साथ ही डेयरी संचालकों व निर्माण सामग्री एकत्रित करने वाले लोगों के साथ बैठक आयोजित कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

### प्लाटों में कूड़ा डालने वालों की शिकायत करें

आयुक्त ने आदेश दिए हैं कि जिनके भी खाली प्लाट हैं, वह जल्द से जल्द उनकी चारदीवारी करवा लें। वह गंदगी फैलाने में कारण न बनें। इन प्लाट के मालिकों की पहचान कर उनके चालान किए जाएंगे। यदि सम्पत्ति मालिकों द्वारा प्लाट में कूड़ा नहीं डाला जा रहा है तो वह उन लोगों के खिलाफ कार्यालय में शिकायत दें जो उनके प्लाट में कूड़ा डाल रहे हैं। आयुक्त की मीटिंग में संयुक्त आयुक्त विजय सिंह, कार्यकारी अभियंता मंदीप धनखड़ व अमित कुमार, नगर अभियंता सुनील कुमार, सुनील शर्मा, तरूण कुमार, विरेन्द्र हुड्डा, सत्यव्रत, सचिव नगर पालिका महम, कलानौर, सांपला तथा मुख्य सफाई निरीक्षक सुन्दर सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की पहली काउंसलिंग 20 को



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा एमडीयू-सीपीएएस में सत्र 2023-24 में संचालित सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए प्रथम काउंसलिंग 20 दिसंबर को आयोजित की जाएगी।

■ **छात्रों को एडमिशन मिलने पर 20 को ही फीस जमा करानी होगी**

कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अपडेटिड ओवरऑल मेरिट लिस्ट भी 20 दिसंबर को डिस्प्ले की जाएगी। अभ्यर्थी को 20 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक संबंधित विभाग में अपनी हाजिरी दर्ज करवानी होगी। तदुपरांत एडमिशन काउंसलिंग प्रारंभ होगी।

एडमिशन मिलने की सूरत में 20 को ही फीस जमा करानी होगी। इसके बाद रिक्त सीटों की सूची 22 को डिस्प्ले की जाएगी। दूसरी प्रवेश काउंसलिंग 23 को आयोजित की जाएगी। खाली सीटें रहने की सूरत में रिक्त सीटों की सूची 30 दिसंबर को डिस्प्ले होगी तथा तीसरी प्रवेश काउंसलिंग 1 जनवरी 2024 को आयोजित की जाएगी। फिर भी कोई सीट खाली रहती है तो रिक्त सीटों की सूची 3 को डिस्प्ले होगी और प्रवेश काउंसलिंग 4 जनवरी को आयोजित की जाएगी। कक्षाएं भी 4 जनवरी से ही प्रारंभ होंगी तथा एडमिशन की कट ऑफ डेट 6 जनवरी है।

## सेना में शामिल होकर देश सेवा के साथ बेहतर करियर का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारतीय सेना देश सेवा के साथ-साथ बेहतर कॅरियर निर्माण का भी सुनहरा अवसर प्रदान करती है। युवा भारतीय सेना ज्वाइन कर देश की रक्षा करने के साथ-साथ अपने कॅरियर को भी नई ऊंचाइयां प्रदान करें। यह उद्गार एनसीसी हैडक्वार्टर रोहतक के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने रविवार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में संचालित यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज द्वारा आयोजित साफ्ट स्किल्स एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम के पांचवें बैच के समापन अवसर पर व्यक्त किए।

ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को भारतीय सेना ज्वाइन करने के लिए मोटीवेट किया। उन्होंने इस बैच को पूरा करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने सेना से जुड़े अपने निजी अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को देश सेवा के लिए प्रोत्साहित किया और उनमें देश सेवा की भावना को जागृत किया। सहायक निदेशक युवा कल्याण डा. प्रताप राठी ने ब्रिगेडियर हरबीर सिंह का आभार जताया। इस अवसर पर मेजर जनरल सुनील, डीएसडब्लू कर्मी कृष्ण व यूथ सेंटर के परियोजना सहायक संदीप कुमार समेत बैच के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



## श्रमिकों की समस्याओं का समाधान करे सरकार : राजेंद्र

**रोहतक।** एआईयूटीयूसी हरियाणा प्रदेश कमेटी के प्रधान कामरेड राजेंद्र सिंह व सचिव हरिप्रकाश ने कहा कि सरकार को मजदूर व प्रेषित किया गया है। कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

■ **मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा**


इन मांगों को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा। जिसमें 28000 न्यूनतम वेतन घोषित करके, उसे तुरंत लागू करने। सभी के लिए ईएसआई व ईपीएफ की सुविधा प्रदान करने। चारों लेबर कोड को रद्द करने ,श्रम कानूनों को शक्ति से लागू करने, उलंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, स्कीम वर्करों को कर्मचारियों का दर्जा देने तक उन्हें श्रमिक का दर्जा देकर न्यूनतम वेतन देने। उनके साथ हुए समझौते लागू करने। उन्होंने बताया 15 से 21 दिसंबर तक पूरे देश में अभियान चलाया जा रहा है। मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है। 21 को हरियाणा में जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन, जुलूस आदि के माध्यम से ज्ञापन सरकार के पास भेजे जाएंगे।

## पीजीआईएमएस के नर्सिंग स्टाफ ने काले बिल्ले लगाकर किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पीजीआईएमएस की नर्सिंग एसोसिएशन द्वारा 15 दिसंबर से काले बिल्ले लगाकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के तीसरे दिन भी सभी विभागों के नर्सिंग स्टाफ ने काले बिल्ले लगाकर काम किया। एसोसिएशन के प्रधान विकास फौगाट ने बताया कि वे शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जता रहे हैं। ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। यदि वे 21 दिसंबर के बाद हड़ताल पर जाकर विरोध प्रदर्शन करते हैं तो उसे आम जनता प्रभावित होगी। सरकार उनकी मांगों को जल्द पूरा करे। यदि सरकार उनकी नर्सिंग अलाउंस को 7200 करने और उन्हें सी ग्रेड से बी ग्रेड श्रेणी में शामिल करने की मांग नहीं मानती है तो 21 दिसंबर को सामूहिक रूप से बड़ा फैसला लिया जाएगा।

■ **नर्सिंग अलाउंस 7200 करने और सी ग्रेड से बी ग्रेड श्रेणी में शामिल करने की मांग**



**रोहतक।** काले बिल्ले लगाकर रोष जताता नर्सिंग स्टाफ।

## सांपला के लक्ष्मीनारायण ने दिल्ली में जीते तीन पदक

**रोहतक।** सांपला के 84 वर्षीय लक्ष्मीनारायण ने मास्टर खेलो इंडिया में तीन गोल्ड जीते हैं। इन्होंने जैवलिन थ्रो, शॉट पुट व डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल जीते है। रविवार को गांव पहुंचने पर लोगों ने इनका स्वागत किया। इस दौरान इन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह नशे से दूर रहें और खान-पान पर विशेष ध्यान दें। इससे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में ये गोल्ड, कांस्य व सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। स्पर्धा गत 15 से 17 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित की गई।




## श्री बालाजी धाम डोभ में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**रोहतक।** भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम डोभ पर रविवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक रविवार को स्वास्थ्य जाच, संकीर्तन व भंडारा लगाया जाता है। शिविर का शुभारंभ सुरेश गर्ग, संजय शर्मा ने किया। डॉ. दिनेश कुमार ने आखों के मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाई व चश्मे वितरित किए। डॉ. अशोक रोहिल्ला ने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, सर्दी, खांसी, बुखार, पेट, कान, नाक, गले के मरीजों की जांच की। इस मौके पर डॉ. ऋतू, डॉ. अमित जैन, डॉ. अनुज जैन, रमेश गुप्ता, रवि चिटकारा, विनोद गुप्ता, अनिल दलाल, राजाराम जांगड़ा, पंडित नरेश कौशिक आदि मौजूद रहे।



## सेक्टर निवासियों ने प्रोपर्टी टैक्स ठीक करने के लिए लगाए शिविर के प्रति नहीं दिखाया उत्साह

**जाट भवन और सेक्टर 3 के सामुदायिक केंद्र में लगाए गए शिविर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम की तरफ से रविवार को भी सेक्टर एरिया में दो जगह कैंप लगाए गए। जिसमें सेक्टर निवासियों के प्रॉपर्टी टैक्स के बिल ठीक किए गए। इसके अलावा एनडीसी पोर्टल पर लोगों से डाटा भरवाया गया। सुबह से शाम तक लगे कैंपों में 50 से कम लोग ही पहुंच पाए। अब लोगों को बिल ठीक करवाने के लिए निगम के कार्यालय में ही जाना पड़ेगा।

■ **शिविर में मात्र पचास के लगभग लोग पहुंचे**

■ **अब निगम कार्यालय में ही ठीक किए जाएंगे**

जानकारी के अनुसार, ऑल सेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह से मांग की थी कि सेक्टर में लोगों के बिल ठीक करने के लिए टीम को भेजा जाए। इसके बाद आयुक्त ने आदेश जारी कर दो टीमों को सेक्टर में भेजा। कैंप के लिए जेडटीओ अशोक शर्मा, इंस्पेक्टर अमन कुमार, विनोद कुमार समेत अन्य अधिकारियों की टीम बनाई गई थी। शनिवार और रविवार को जाट भवन और सामुदायिक केंद्र में बिल ठीक करने के लिए कैंप लगाए गए।

ज्यादातर लोग मोबाइल नम्बर और वर्ग गज गलत होने की शिकायत लेकर पहुंचे। इसके अलावा एनडीसी पोर्टल पर भी प्रॉपर्टी टैक्स का डाटा भरवाया गया। जिन लोगों ने स्वयं डाटा भर दिया है उन्हें सरकार की तरफ से बिल भरने पर छूट भी मिलेगी। शाम तक काफी कम संख्या में लोग बिल ठीक करवाने के लिए पहुंचे। अब तक जिन्होंने प्रॉपर्टी रिकार्ड ठीक नहीं करवाया है, उन्हें निगम कार्यालय में ही बिल ठीक करवाने के लिए आना होगा।



**रोहतक।** शिविर में लोगों के बिल ठीक करते निगम के कर्मचारी।

### छूट का लाभ उठाएं : आयुक्त

आयुक्त जितेंद्र सिंह ने आमजन से अपील की है कि वह प्रॉपर्टी टैक्स भरने पर दी गई विशेष छूट का लाभ उठाए। सरकार की तरफ से 31 दिसम्बर, 2023 तक छूट दी जा रही है। वर्तमान वित्तवर्ष के सम्पत्तिकर पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी जबकि वर्ष 2010-11 से लेकर 2022-23 तक की देरी फीस अर्थात 1.5 प्रतिशत ब्याज राशि, पिछले ब्याज पर 100 प्रतिशत की छूट दी गई है। हालांकि यह छूट केवल उन लोगों को दी जायेगी जो सम्पत्तिकर का बकाया भुगतान और बेबाकी प्रमाणपत्र प्रबंधन पद्धति पोर्टल पर अपनी सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करते हैं और निर्धारण वर्ष 2023-24 तक अपने कुल सम्पत्तिकर के बकाया का भुगतान करते हैं।

### दो दिन लगा कैंप

सेक्टर में जाट भवन और सेक्टर 3 सामुदायिक केंद्र में दो दिन तक कैंप लगाए गए। कैंप में प्रॉपर्टी टैक्स के बिल ठीक करवाए गए। जिन लोगों ने अपनी संपत्ति का रिकार्ड खुद पोर्टल पर भर दिया है उन्हें छूट दी जा रही है।
**अशोक शर्मा**, जेडटीओ, नगर निगम

## ड्रोन से नैनो उर्वरक छिड़काव के लिए दी जा रही ट्रेनिंग : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसलों में नैनो उर्वरकों के छिडक़ाव में ड्रोन को बढावा देने के लिए योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत जिला को चार हजार एकड़ के प्रदर्शन प्लॉट लगाने का लक्ष्य दिया गया है। योजना के तहत खेत में मात्र 100 रुपये के शुल्क पर नैनो तरल उर्वरकों का छिड़काव करवाया जा सकेगा। डीसी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा तकनीक के प्रयोग को बढावा देने के लिए अनेक सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा ड्रोन के माध्यम से फसलों में उर्वरकों के छिड़काव को प्रोत्साहित करने के लिए योजना तैयार की गई है। आम तौर पर किसान अपनी फसलों में अंधाधुंध उर्वरकों का प्रयोग कर रहे है, जिससे मिट्टी की उपजाऊ शक्ति कमजोर हो रही है। मिट्टी के स्वास्थ्य को सुधारने एवं किसानों आमदनी बढाने के लिए नैनो उर्वरकों का प्रयोग एक अच्छा विकल्प है।



### पंजीकरण अनिवार्य

डीसी ने कहा कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए मेरी फसल- मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। किसान संबंधित कृषि विकास अधिकारी / खण्ड कृषि अधिकारी / खण्ड तकनीकी प्रबंधक या कृषि तकनीकी प्रबंधक के माध्यम से भौतिक पंजीकरण भी करवाया जा सकता है। कृषि उपनिदेशक डॉ. कर्मचंद ने भी किसानों से पंजीकरण का आह्वान किया।



## शरद पूर्णिमा पर उमड़ती है भारी भीड़

झज्जर के दूबलधन माजरा-डी में स्थित जटेला धाम में हर वर्ष शरद पूर्णिमा पर आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से तैयार की गई खीर का भंडारा लगाया जाता है। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। वैसे तो यहां हर रोज भंडारा चलता रहा है। लेकिन शरद पूर्णिमा के भंडारे का खास महत्व है। बताया जा रहा है कि यहां नजले, दमे, एलर्जी की बीमारी वाले लगभग एक लाख से अधिक लोग इस आश्रम द्वारा तैयार विशेष जड़ी बूटियों से तैयार खीर खाकर ठीक हो चुके हैं।

# संत कवि स्वामी नितानन्द की तपोभूमि जटेला धाम

*18वीं शताब्दी में स्वामी नितानन्द जी महाराज ने समाज सुधार और भक्ति काव्य की रचना की जो संत सिद्धांत प्रकाश ग्रंथ में भी विद्यमान है, उसकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। नंदलाल से स्वामी नितानन्द बने संतजी भरतपुर रियासत के तहसीलदार और बीरबल के वंशज थे। उनके नाना सिताबराय रेवाड़ी और नीमराणा रियासत के सैन्य प्रशासक थे। उन्होंने अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा से बिगोवा, बास, रानीला, माजरा, दूधवा, वीना गांव के बीच जटेला धाम में कई बर्षों तक तपस्या की।*



गुरु महाराज की गद्दी जहां बैठकर विश्राम करते थे

आस्था | विनोद कौशिक

झज्जर के गांव दूबधन माजरा में साहित्य व अध्यात्म के केंद्र जटेला धाम में संत कवि स्वामी नितानन्द की तपोभूमि पर हर रविवार आस्था का सैलाब उमड़ता है। जटेलाधाम में आज से करीब 220 वर्ष पूर्व उस दिव्य महापुरुष (स्वामी नितानन्द) ने अपनी दिव्य अप्रकृत लीला का विस्तरण कर नर नारियों की हृदयभूमि को प्रेम से आप्लावित किया। स्वामी नितानन्द सन 1799 ई. को हमारे चक्षुओं से ओझल जरूर हो गए, परन्तु उनकी परम चेतना और उनका मार्ग दर्शन उनके शरणागतों को आज भी होता रहता है। आज उनकी लीला भूमि अर्थात उनकी तपोभूमि के द्वार हर जीव मात्र के लिए खुले हैं। 18वीं शताब्दी में स्वामी नितानन्द ने समाज सुधार और भक्ति कायव्य की रचना की जो संत सिद्धांत प्रकाश ग्रंथ में विद्यमान है, उसकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। नंदलाल से स्वामी नितानन्द बने संतजी भरतपुर रियासत के तहसीलदार और बीरबल के वंशज थे। उनके नाना सिताबराय रेवाड़ी और नीमराणा रियासत के सैन्य प्रशासक थे। उन्होंने अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा से बिगोवा, बास, रानीला, माजरा, दूधवा, वीना गांव के बीच जटेला धाम में तपस्या की। जटेला धाम के महंत स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज ने बताया कि दंत कथाओं के मुताबकि स्वामी जी ने यहां करीब 12 साल तक जाल के वृक्ष के नीचे तपस्या की। तपस्या के दौरान उनके निर्मल मन से उनके मुख से जो वाणी निकली वही काव्य शास्त्र बन गया। इनके काव्य को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में भी पढ़ाया जाता है। उस पर रिसर्च की जाती है। बताते हैं कि स्वामी अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा के अनुसार यहां जटेला की पावन धरा में तप करने आए थे।

**तपस्या**

**दंत कथाओं के मुताबकि स्वामी जी ने यहां करीब 12 साल तक तपस्या की थी।**

**रिसर्च**

**स्वामी जी के काव्य को कुरुक्षेत्र विवि व महर्षि दयानंद विवि रोहतक में पढ़ाया जाता है। उस पर रिसर्च की जाती है।**

### यह भी मान्यता

जटेला धाम में यह भी मान्यता है कि यहां नितानन्द जी महाराज ने लोगों के कष्टों का निवारण किया। जब स्वामी जी गांव वालों को प्रवचन देते थे तो यही कहते थे कि जब इस शरीर रूपी काया का इस संसार से त्याग होगा तो मेरे शरीर को यहीं जंगल में इसी पेड़ के नीचे रख देना, ताकि यहां पशु-पक्षी जंगली जानवर अपना पेट भर सकें।



### ये कथा प्रचलित

यहां यह कथा भी प्रचलित है कि जब स्वामी जी का मानव रूपी शरीर पूरा हुआ तो लोगों ने उनके कहे अनुसार उनके शरीर को वहां स्थित एक जाल के पेड़ के नीचे छोड़ दिया। इसके बाद वे वहीं से सहशरीर वैकुंठ धाम को चले गए। बताया जाता है कि उसी स्थान पर कुछ दूरी पर महाराज जी की चरण पादुकाएं और बर्तन मिले। तभी से उस जाल के पेड़ के नीचे महाराज जी की अखंड ज्योत और पाठ करने की परंपरा आरंभ हो गई। वहां यदि सच्चे मन से कोई फरियादी अपनी फरियाद लेकर जाता है तो स्वामी जी की दया से उसकी सभी मन्नतें पूर्ण होती हैं।



जटेला धाम में उमड़ी भीड़।

### होता है बीमारियों का इलाज

यह धाम झज्जर और चरखी दादरी शहर से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर बेरी के पास गांव दूबलधन माजरा-डी में स्थित है। आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने देशी एवं आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों पर शोध किया है और शोध के बाद अनेक जटिल बीमारियों के इलाज भी किया है। महंत राजेंद्र दास कैंसर, किडनी, अस्थमा, दमा, नजला, जुकाम, खांसी, टीबी, जोड़ों का दर्द, पीलिया, टाइफाइड सहित अनेक गंभीर बीमारियों का इलाज देशी जड़ी बूटियों से करते हैं। यहां अब तक लाखों लोग ठीक हो चुके हैं।

### 300 साल पुराना जाल का पेड़

आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि जिस जाल के पेड़ के नीचे बैठकर स्वामी जी महाराज ने तपस्या की थी वह करीब 300 साल पुराना जाल का पेड़ आज भी यहां मौजूद है। इस पेड़ को संरक्षित किया गया है। इसे लोहे पाइपों से सहारा देकर क्षतिग्रस्त होने से बचाया गया है। इस पेड़ पर कई शोध भी हो चुके हैं। इसके अलावा आश्रम में 100 से 150 साल पुराने जाल के और भी पेड़ मौजूद हैं। वहीं बड़ और पीपल के भी बहुत पुराने पेड़ आश्रम में मौजूद हैं।

### हर रविवार को देते हैं दवाइयां

महंत राजेंद्र दास यहां हर रविवार को प्रवचन करते हैं और लोगों को दवाइयां भी देते हैं। यहां नशा छुड़वाने के लिए भी दवाई दी जाती है। हर रविवार को हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इसके अलावा आश्रम में ध्यान शिविर भी लगाया जाता है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। ध्यान शिविर में भाग लेने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है। यहां आने वालों के लिए रहने और खाने की व्यवस्था आश्रम की तरफ से ही की जाती है। ध्यान शिविर हर रविवार को होता है, जबकि साल में एक बार तीन दिन के लिए शिविर लगता है।

### मिलती है मन की शांति

जटेला धाम समाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेता है। आश्रम में पहुंचे लोगों ने कहा कि वह यहां से दवाइयां लेकर जाते हैं, जिससे उन्हें काफी आराम मिला है। यह एक तपोभूमि है। यहां आकर लोगों को इलाज के साथ-साथ मन की शांति प्राप्त होती है।



जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास जी महाराज।

### पर्यावरण के लिए भी कर रहे काम एक लाख त्रिवेणी लगाने का लक्ष्य

महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि उन्होंने प्रदेश में त्रिवेणी महोत्सव का आयोजन किया था। इसके तहत पूरे प्रांत में त्रिवेणी(बड़, नीम व पीपल) लगाने का लक्ष्य रखा है। अब तक दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, झज्जर, रोहतक, फरीदाबाद व पानीपत समेत कई जिलों में करीब 15 हजार त्रिवेणी लगाई जा चुकी हैं। वहीं, अब प्रदेश में पंचवटी (बड़, पीपल, बेल, आवला और अशोक) लगाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

### यह भी कार्यक्रम

जटेला धाम पर साल में एक बार स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाता है। हर साल होली के बाद दुल्हेंडी और भदो शुदिएकम पर आश्रम में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इन मौकों पर यहां देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं। यहां भंडारा देने के लिए भी लंबी लाइन रहती है।

### कई बड़ी हस्तियां कर चुकी आश्रम का दौरा

इस आश्रम में देश की बड़ी हस्तियों का तांता लगा रहता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, एम्स के पूर्व निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया, पूर्व में शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा, शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुज्जर, कृषि मंत्री जेपी दलाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, अयोध्या राम जन्मभूमि आंदोलन के मुख्य नेता रामविलास वेदांती समेत कई बड़े दिग्गजों ने इस आश्रम का दौरा किया है और जटेला धाम द्वारा लोगों को दी जा रही सेवाओं की सराहना भी की है।



जटेला धाम में इसी जाल के वृक्ष के नीचे बैठकर स्वामी नितानन्द जी महाराज ने कई वर्षों तक तपस्या की थी।

कविता | सीमा रंगा इन्द्रा



### नासमझ बेटा

मात- पिता की बात मान लो, नही पड़े दुख सहना,
समझा- समझा हार गए क्यों, नहीं मानते कहना,
कहने बैठो गर कुछ इनको, कहे नासमझ हमको,
भूल रहे जीवन से शिक्षा, दूर करे है तमको।

इनकी बातें बड़ी निराली, चकित सभी को करती,
सुने नहीं है बात बड़ों की ,देख इन्हें माँ डरती,
जुबां चलाएं सबके आगे ,करते हैं मनमानी,
घर में अपना रौब जमा कर,करते है नादानी।

दो आखर को पढ़ कर समझे, खुद को बेशक ज्ञानी।
पड़ जाए जो बोझ उठाना, याद करे वो नानी,
फिर मत कहना नहीं समझ थी, हमें नहीं समझाया,
निकल गया जो समय हाथ से, लौट कहो कब आया।

बन जायेगा जीवन तेरा, सुनो ध्यान धर बातें,
तेरे ही सुख खातिर जागे, हैं हम कितनी रातें,
केवल सच ही जीवन नैया पार करेगा तेरी,
इसीलिए बेटा बातों पर, अमल करो बिन देरी

कविता | डॉ. अशोक कुमार वर्मा



### यह पैसा बुरी बीमारी

यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे।
जब तक न हो खत्म मन बावला करे।
क्या नया खरीदूं कैसे इसे उड़ाऊँ।

जितना अधिक रुपया उतना संकट भारी।
दिन में नहीं चैन बन्दा कूदता फिरे।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

वेतन मिले जिस दिन मैं शीघ्र ठिकाने लगाऊ।
जब तक न हो ख़त्म न चैन से बैठ पाऊँ।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

जब तक रहे पास न कुछ और सोच पाऊँ।
जिस जिस की है उधारी मैं शीघ्र चुकाऊँ।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

वेतन जब हो जाए खत्म तब उधारी उठाऊँ।
25 दिन महीने के बड़ी शांति से बिताऊं।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे.....

कविता | गरिमा




### विद्यार्थी और शिक्षक

एक इंसान शिक्षा देने वाला, बच्चों का रखवाला
नारियल जैसा चरित्र,मन गंगा सा पवित्र
असंख्य बच्चे उसकी पहचान, बच्चे ही उसकी जान
जुड़ जाता है दिल, बच्चों से इस तरह
दोस्त, माँ, भाई, बहन का इस-तरह
ज्ञान की धारा कुछ ऐसे बहती है
मेरे विद्यार्थी सफल हो, उसकी हर धड़कन कहती है।
जीवन के किसी मोड़ पर, समय ऐसा आता है, फ़ुल जैसे
नाजुक बच्चों को छोड़ना पड़ जाता है।
पर दिल का रिश्ता मानो और भी गुड बनता जाता है।
प्यारे सभी बच्चे शिक्षक की जान होते हैं।
उसके दिल की धड़कन और माथे का अभिमान होते हैं।
विद्यार्थी से बच्चे और बच्चों से संसार है।
बस कुछ ऐसा खट्टा-मीठा, सुंदर - शुद्ध
विद्यार्थी-शिक्षक का प्यार है

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

ऐतिहासिक | **पुरातत्व विभाग से लेकर केंद्र व राज्य सरकार ने इन ऐतिहासिक इमारतों की ओर नहीं दिया कभी ध्यान**

# अरावली पर्वत पर 1300 ई. में बना कोटला किला बदहाल



**ऊंचाई**

**हजारों फुट ऊंचाई पर करवाया किले का निर्माण**

**निगरानी**

**चारों तरफ निगरानी के लिए मचानें बनवाई गई**

**हिफाजत**

**हिफाजत के लिए शाम ढलते ही कर देते थे दरवाजे बंद**

अनदेखी | कासिम खान

मेवात जिले के कोटला गांव में अरावली पर्वत की चोटी पर करीब 1300 ईस्वी में नवाब नाहर खान ने दुश्मनों के छक्के छुड़ाने के लिए हजारों फुट ऊंचाई पर किले का निर्माण कराया। किले के चारों तरफ निगरानी के लिए मचानें बनवाई गई। सुरंग से लेकर घुड़साल और तालाब भी बनवाया गया था। घोड़ों को तिजारा राजस्थान की तरफ से किले तक पहुँचाया जाता था। कोटला गांव के चारों तरफ बड़ी चौड़ी और ऊँची दीवार थी। दुश्मनों से हिफाजत के लिए शाम ढलते ही दो दरवाजे थे, जिन्हें बंद कर दिया जाता था। किले के ठीक समीप से सदियों से पानी झरने बहते हैं। झरने के पानी से महिलाएं कपड़े धोती हैं, साथ ही पशुओं को भी लोग पानी पिलाते हैं। कई सौ फुट ऊंचाई से झरने का पानी गिरता है, जो कुदरत का बेजोड़ नमूना है। इस मुकाम और ऊंचाई पर बने कोटला किले का जायजा लेने के लिए हमारी टीम ने जान जोखिम में डाल कर उबड़ -खाबड़ पहाड़ के रास्ते को पार करते हुए किले तक का सफर तय किया। बताया जाता है की कोटला की राजधानी को तहस-नहस करने के लिए राजाओं हमले, शायद उसी का नतीजा है की अरावली की चोटी पर इस किले का निर्माण नवाब नाहर खान ने किया। नाहर खान वंशज शहीद राजा हसन खान मेवाती थे, जिनके नाम पर आज मेडिकल कालेज का नामकरण सूबे की सरकार कर चुकी है। हसन खान मेवाती ने राणा सांघा और बाबर के बीच जो युद्ध हुआ था, उसमें हसन खान मेवाती ने बाबर का नहीं बल्कि राणा सांघा का साथ दिया था। उस वीर शहीद को आज भी लोग मेवात में याद करते हुए सीना चौड़ा कर लेते हैं।

वतनपरस्ती के साथ-साथ हिन्दू -मुस्लिम भाई चारे को उस समय भी हसन खान मेवाती ने बढ़ाया था। इसके अलावा 1300 ईस्वी में ही फिरोजशाह तुगलक के वंशज ने बड़े विशालकाय पत्थरों से मस्जिद का निर्माण कराया।



### जीर्णोद्धार की जरुरत

इसके निर्माण में गारे-मसाले का कम ही प्रयोग हुआ। इन ऐतिहासिक इमारतों की पुरातत्व विभाग लेकर केंद्र व सूबे सरकार ने कभी ध्यान नहीं दिया। किला बदहाल होता जा रहा है। किले में एक गुफा है, जिसकी गहराई आज तक कोई नहीं माप पाया। लोग बताते हैं कि गुफा फिरोजपुर झिरका में जाकर निकली थी, ऐसा भी तब हुआ जब गाय को ढूढ़ने के लिए लोग गुफा में उतरे थे। दीये के लिए सवा मन सरसों का तेल लेकर गए थे,लेकिन गाय नहीं मिली। वे फिरोजपुर झिरका में जाकर निकले। इसके जीर्णोद्धार की जरुरत है। ताकि आने वाली पीढ़ियां इनके बारे में जान सकें।

# नए जमाने के म्यूजिक में लुप्त हो रही सारंगी की धुनें

◆ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में लोगों को करवा रहे संस्कृति से रूबरू ◆ पांचवी पीढ़ी विद्या को बढ़ा रही आगे ◆ सरकार से प्रोत्साहन मिलने की जरूरत

कलाकार | तरुण वधवा

नए जमाने के म्यूजिक में सारंगी की धुनें लगभग लुप्त हो रही हैं। आज की पीढ़ी अपने इस शास्त्रीय संगीत के वाद्य को भूलने लगी है। सारंगी शास्त्रीय संगीत का एक वाद्य यंत्र है। यह एक खोखली लकड़ी के लंबे डिब्बे जैसी होती है, जिस पर चमड़े की परत चढ़ी होती है। इसमें सिर्फ तीन तार होते हैं। इसे एक बो की मदद से बजाया जाता है जिसे गज कहते हैं। पुराने जमाने में घुमक्कड़ जातियां सारंगी बजाया करती थीं। पहले इसे सारिंदा नाम से भी जाना जाता था। कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक ब्रह्मसरोवर पर लगे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में गांव खरल जिला जींद निवासी सारंगी वादक प्रेम चंद अपनी टीम के साथ आए हैं। उनकी टीम में हरिकेश लांबा, सतबीर, कृष्ण कुमार, राजेंद्र, इंद्र व उदयभान शामिल हैं। ये सारंगी वादक सारंगी की तार से निकलने वाली मीठी-मीठी धुनों से महोत्सव में आए पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे हैं। सारंगी वादक प्रेम सिंह बताते है कि यह उनकी पांचवी पीढ़ी है जो इस विद्या को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अब अगली पीढ़ी इस विद्या में आना नहीं चाहती है क्योंकि इससे परिवार का गुजारा नहीं चलता, जिस कारण यह विद्या अब लुप्त होती जा रही है।

प्रेम सिंह का कहना है कि अब साल में 10 से 12 कार्यक्रमों में ही काम मिलता है। इसके अलावा वे साल भर खाली घर पर रहते हैं। इस विद्या से अब घर का खर्च नहीं चलता है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सरकार ऐसी विद्या को बचाने के लिए कलाकारों को प्रोत्साहित करे। उनके लिए गुजारा भत्ता शुरू किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का पालन पोषण करने के साथ-साथ इस विद्या को जिंदा रख सके।





### स्कूलों में दी जाए शिक्षा

65 वर्षीय प्रेम सिंह का कहना है कि सारंगी विद्या को जीवित रखने के लिए स्कूलों में इसकी शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी का रुझान इस ओर बढ़े। उन्होंने बताया कि इस विद्या को जीवित रखने के लिए स्कूलों में गुरु-शिष्य परपंरा शुरू की जा सकती है। इसके तहत 6 महीने का कोर्स करने के बाद विद्यार्थियों को वजीफा के तौर पर सर्टिफिकेट व नकद राशि देकर सम्मानित किया जा सकता है। इससे आने वाली पीढ़ी का रुझान अवश्य ही बढ़ेगा।

### ऐसे बढ़ी रुचि

सारंगी विद्या में रुचि बढ़ने बारे प्रेम सिंह बताते हैं कि उनके पिताजी सारंगी बजाते थे तो उनके साथ-साथ जाकर उन्हें भी सारंगी का शौक चढ़ गया। उनके पास कोई पुश्तैनी जमीन या अन्य कोई कार्य नहीं था, इसलिए उन्होंने सारंगी को ही अपना कार्यक्षेत्र चुना।

प्रेम सिंह बताते हैं कि पहले जमाने में लोग सारंगी की लोग कद्र करते थे। सारंगी की धुनों को शांति से सुनते थे, लेकिन आज के युवा सारंगी की धुन को सुनना पसंद नही करते हैं। प्रेम सिंह बताते हैं कि जब वे 10 वर्ष के थे तो उनके पिताजी कहीं गए हुए थे और सारंगी घर पर दीवार के ऊपर टंगी हुई थी। उन्होंने सारंगी को दीवार से उतारकर बजाना शुरू कर दिया। जब उनके पिताजी आए तो उन्होंने देखा कि यह तो अपने आप ही सारंगी बजा रहा है। तब उनके पिताजी ने उनको सारंगी बजाना सिखाया। प्रेम सिंह ने बताया कि सारंगी के साथ गाया जाने वाला भजन भी उनका है, साज और ताल भी उनकी खुद की है। प्रेम सिंह बताते है कि हीर रांझे की आवाज से पशुओं की बीमारी दूर होती है। जिस किसी भी गांव में पशुओं की महामारी फैलती है तो वहां पर जोगी बुलाए जाते है। रांझे जिस भी गांव में जाते हैं वह पशुओं का इलाज रात के अंधेरे में करते हैं। रात में सारंगी की तान छिड़ती है तो रांझे के स्वर गूंजते हैं। जहां तक आवाज जाती है पशु भी एकटक खड़े हो जाते हैं मानो वह इस संगीत को सुन रहे हों। ग्रामीणों का मानना है जहां तक भी यह आवाज जाएगी, कोई भी टोना-टोटका या बीमारी असर नहीं करेगी।

एक बार गांव में डेरा जमाने के बाद यह तब तक गांव में बसेरा करते हैं, जब तक पशु ठीक नहीं हो जाएं। इस दौरान रहने तथा खाने-पीने की व्यवस्था ग्रामीण ही करते हैं। पशुओं के ठीक होते ही यह दूसरे गांव के लिए रवाना हो जाते हैं।

### सारंगी की तान का कोई मोल नहीं

रांझे की सारंगी के निकली तान का कोई मोल नहीं है। वह कहते हैं अगर इसकी कीमत लगाई तो यह बेअसर हो जाएगा। जिस गांव में जाते हैं, उस गांव के लोग खुद ही अपनी इच्छा से उन्हें सामान देते हैं। कोई कपड़े देता है तो कोई अनाज। रांझे से सारंगी से इलाज के संबंध में पूछने पर वह कहते हैं यह तो हमे नहीं पता, क्योंकि हमें यह गीत एवं तान विरासत में मिली है, लेकिन जिस तरह से तनाव में आने पर आदमी जब संगीत सुनता है तो उसका तनाव दूर होता है। अगर मन खुश रहता है तो फिर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे बीमारियां दूर रहती हैं इसी तरह से हम पशुओं के लिए गाते हैं।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को करवाया गया शैक्षणिक भ्रमण

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि घुसकानी स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय से कक्षा 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण के लिए एतिहासिक स्थल कुरूक्षेत्र ले जाया गया। जहां छात्रों को श्रीकृष्ण संग्राहलय, ब्रह्मसरोवर झील, धरोहर, कुरूक्षेत्र पैनोरमा, विज्ञान केन्द्र, 1857 क्रांति राजकीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय और गीता महोत्सव जैसे दार्शनिक स्थल दिखाए गए। यह भ्रमण बच्चों के लिए मनोरंजक पूर्ण और ज्ञानवर्धक रहा। इस मौके पर अध्यापिका सोनिया श्रेय, सुमन मलिक, भूपेन्द्र सिंह, रेणू, सुनील कुमार, सहायिका मंतोष आदि मौजूद रहे।

### 16 स्कूलों के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया

रोहतक। रोहतक जंप रोप संघ द्वारा नवयुग हाई स्कूल आयोजित 15वीं रोहतक कप जंप रोप प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता हरियाणा जंप रोप संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. दीपक भारद्वाज एडवोकेट ने की। इस दौरान आजाद बुधवार, स्कूल हैडमिस्टर मनीशा शर्मा, प्रिंसिपल गीता जांगड़ा, ओरमोके स्कूल संस्थापक दयानंद निनानिया व सुरेश निनानिया मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में समारोह के मुख्य अतिथि समाज सेवी राकेश सैनी और रोहतक श्रवणकर संघ के अध्यक्ष जगदीश वर्मा, महासचिव अमित वर्मा व राकेश सैनी

### आनंद की प्राप्ति के लिए हवन सर्वोत्तम साधन

**रोहतक।** जय मां गायत्री यज्ञशाला में रविवार हवन में हरिओम वशिष्ठ ने कहा कि गीता में भगवान कृष्ण ने समस्त संसार को आनंद की प्राप्ति के लिए हवन सर्वोत्तम साधन है। रविवार को दीप शिखा शर्मा, रमेश पांचाल, ज्ञान सिंह फोगाट, ईश्वर भव्या वशिष्ठ, भगवान दास शर्मा, राधा कृष्ण आदि ने शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री पीठ के महत्व को जानते हुए गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय के साथ-साथ विश्व कल्याण के लिए हवन किया।

## विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे आना चाहिए: डा. आरपी गर्ग

# शुटिंग्स में अग्रवाल कॉलेज प्रथम व जाट कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा



**रोहतक।** विजेता टीम के साथ कालेज स्टाफ।



रोहतक। विजेता खिलाड़ियों के साथ कालेज स्टाफ।

### विजेता प्रतिभागियों का पुरस्कार देकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज महिला एवं पुरुष शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। स्पर्धा का शुभारंभ यूनिवर्सिटी के खेल निदेशक डॉ. आरपी गर्ग ने किया। इन्होंने बताया कि पुरुष वर्ग एयर पिस्टल में अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने पहला, जाट कॉलेज रोहतक को दूसरा और वैश्य कॉलेज रोहतक को तीसरा स्थान मिला। महिला एयर पिस्टल का खिताब अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ को पहला , टीका राम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत को दूसरा और एमकेजेके रोहतक ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में 25 टीमों के 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समय डॉ. शकुन्तला बेनीवाल, कोचनरेश हुड्डा, डॉ. बलबीर सिंह दहिया, डॉ. राजेश अत्री, डॉर जगबीर डागर, दिनेश, डॉ. शशि संधू, प्रदीप , डॉ. सुमन मान,बलबीर सैनी, पवन कुमार, सुशील, काजल सैनी विशेष रूप से मौजूद रहे।

### ये बने चैंपियन

*एमडीयू के खेल प्रांगण में इंटर कॉलेज पुरुष एवं महिला बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब पुरुष वर्ग मेंपुरूष वर्ग एयर पिस्टल में अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने पहला, जाट कॉलेज रोहतक को दूसरा । प्रतियोगिता का समापन खेल निदेशक प्रोफेसर आरपी गर्ग ने किया। मुकाबलों में जीसी बहादुरगढ़ ने जाट कॉलेज रोहतक को दो एक से हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। यूटीडी-एमडीयू रोहतक ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं में एमकेजेके रोहतक ने यूटीडी,एमडीयू को दो एक से हराकर खिताब जीता और टीकाराम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत और जीसी झज्जर को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला।*

# मोखरा खेड़ी में शुरू होगी चकबंदी: हरज्ञान



महम। मोखरा गांव स्थित अपने कार्यालय में चकबंदी अधिकारियों के साथ बैठक करते जेजेपी नेता हरज्ञान मोखरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

चकबंदी विभाग द्वारा मोखरा खेड़ी गांव में जल्द ही चकबंदी का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जन नायक जनता पार्टी के प्रदेश महासचिव हरज्ञान मोखरा ने रविवार को मोखरा गांव स्थित अपने कार्यालय में जिला रोहतक के चकबंदी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि मोखरा खेड़ी गांव में लंबित चकबंदी कार्य को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। हरज्ञान मोखरा ने जानकारी दी कि जिला चकबंदी अधिकारी राजकुमार शर्मा ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि एक अप्रैल 2024 से खेतों की निशानदेही का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। साल 2024 में ही किलाबंदी का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अप्रैल तक उन्हें जमीन के रिकॉर्ड से संबंधित अन्य जो भी कार्य करने होते हैं, उन्हें पूरा कर लेंगे। फिलहाल चकबंदी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इस काम में लगे हुए हैं। जजपा प्रदेश महासचिव हरज्ञान मोखरा ने कहा कि किसानों की यह वर्षों पुरानी मांग थी जो हरियाणा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला के सहयोग से जल्द ही पूरी होने जा रही है। पहले जो किलाबंदी सिस्टम में खामियां थीं उसे दूर कर दिया गया है। इस मौके पर सी.ओ. राज कुमार शर्मा, ए.सी.ओ. बिजेंद्र लाठर, कानूनगो देवेन्द्र अहलावत, पटवारी राजीव फौगाट, मनबीर, रामकुमार रहे।



### स्थापना दिवस पर बुजुर्गों को किया सम्मानित

**रोहतक।** सेक्टर दो में भगवान परशुराम मन्दिर के स्थापना दिवस पर ब्राहमण प्रतिष्ठित प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता ममता शर्मा, राकेश शर्मा, डॉ. आरएन मिश्रा, डॉ. सन्तोष मुदगिल एवं चांदराम भारद्वाज रहे। मंच संचालन ईश्वर भारद्वाज ने किया। इस मौके पर डॉ. संतोष मुदगिल ने कहा कि समाज कि तरक्की में ब्राहमण समाज के योगदान आदि काल से ही श्रेष्ठ रहा है। लेकिन आज समाज किसी अलग दौर से गुजर रहा है, जिसमें समाज के हितों की अनदेखी हो रही है। इसका कारण हमारा एक जुट न होना है क्योंकि हम आज की राजनीति के शिकार हो रहे हैं। चांदराम भारद्वाज ने अध्यात्म व ब्राहमण समाज पर अपने विचार रखे। डॉ. आर एन मिश्रा ने भगवान परशुराम के बारे में जानकारी दी। जेपी गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य आयोजक योगेंद्र गोगा पंडित, श्रीकृष्ण, हनुराम मुद्गिल, संदीप सांघी व नरेश भारद्वाज रहे। योगेन्द्र गोगा पंडित ने बताया कि 105 गांवों से 350 बुजुर्गों एवं 50 महिलाओं को ब्राहमण प्रतिष्ठित प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।

# पात्र लोगों तक पहुंचे सरकार की योजनाओं का लाभ : सतीश

- दलितोद्धार और शुद्धि आंदोलन स्वामी श्रद्धानंद की वसीयत : डॉ. विवेक आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को गांव मकडौली खुर्द, धामड़, जिन्दराण व गुढाण पहुंची। सभी गांवों में यात्रा का स्वागत किया गया। गांव मकडौली खुर्द व धामड़ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सतीश नांदल ने कहा प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य देश के कोने-कोने में आमजन को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताना और उसका लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का



रोहतक। महिलाओं को गैस सिलेंडर देते सतीश नांदल। *फोटो: हरिभूमि*

कार्यक्रम देश भर में सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी आमजन को देने तथा पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कृषि भूमि से सेम की समस्या का अंत करने के लिए भूमिगत पाइपलाइन की एक परियोजना को क्रियान्वित किया है। परिणाम स्वरूप गांव कान्ही, चिड़ी कथूरा व कटवाडा में अब सेमग्रस्त भूमि में अब अच्छा खासा उत्पादन होने लगा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना के तहत प्रदेश के जोहडों की सफाई का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान सरकार की योजना के तहत किया जाएगा। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा लगातार जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा नागरिकों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने और उन्हें सशक्त बनाने की एक राष्ट्रव्यापी पहल है। कार्यक्रम में जिला परिषद की चेयरमैन मंजू हूडा, भाजपा की प्रदेश सचिव रेणु डाबला, डॉ. दिनेश घिलौड़, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सूरजमल किलोई, पूर्व विधायक सरिता नारायण, मंडल अध्यक्ष गुलशन दुआ, सतीश ठेकेदार, ओमप्रकाश बागड़ी, नरेंद्र खट्टर, सुनील लाकड़ा, राजबाला चहल, मदन गोयल ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतीश चौधरी, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शमशेर कलिंगा, जिला पार्षद बलबीर रंगा, सरपंच धर्म सिंह, पूर्व सरपंच राज सिंह शास्त्री, राकेश पांचाल, मेहताब गहलावत नरेश सैनी, सुमन, राजेश रवि टक्कर आदि रहे।

### भारत की नींव मजबूत होगी: ढाका

*गांव जिंदराण व गुढाण में भाजपा के जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका ने ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों, किसानों व छोटे व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद की है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक विकास का लाभ कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित था। लेकिन मौजूदा सरकार छोटे शहरों व गांव के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है और इससे विकसि*

# राधा अहलावत को लड्डूओं से तोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

भले ही अभी विधानसभा व लोकसभा चुनाव दूर हों, मगर महम में भाजपा नेत्री राधा अहलावत गांव-गांव जाकर अभी से मतदाताओं से संपर्क साधने में लगी हुई हैं। इस दौरान वे ग्रामीणों के बीच भाजपा की नीतियों का प्रचार व प्रसार कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के व्यक्तित्व और उनके द्वारा देश और प्रदेश में करवाए गए विकास कार्यों की लोगों को जानकारी दे रही हैं। सरकार द्वारा जनता के लिए शुरू की गई कल्याणकारी नीतियों का प्रचार कर रही हैं। रविवार को भैणीभैरों गांव में भाजपा के महम मंडल अध्यक्ष एवं भैणी भैरों गांव के पूर्व सरपंच रोहतास पहलवान की अध्यक्षता में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीणों ने भाजपा नेत्री राधा अहलावत को लड्डूओं से तोला। रोहतास पहलवान ने बताया कि इस सम्मान समारोह में ग्राम सरपंच व पंचों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस मौके पर सतपाल, सुमन, प्रदीप, कौशल्या, कृष्ण, रितु, पवन, पूनम, रवि कुमार, किरण, अजमेर, पूनम रानी, रवि कुमार व नसीब रांगी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



**महम।** भाजपा नेत्री राधा अहलावत को भैणीभैरों गांव में लड्डूओं से तोलते ग्रामीण।



### हेल्दी बेबी और स्मार्ट मदर कॉन्टेस्ट का आयोजन

**रोहतक।** जेपी इंटरनेशनल स्कूल में हेल्दी बेबी और स्मार्ट मदर कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। आयोजन में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने नृत्य, संगीत, रैंप वॉक, एक्टिंग, गायन आदि में माताओं के साथ मिलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। धार्मिक प्रस्तुति में भगवान हनुमान के भजन सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। इसके साथ ही हरियाणवी संस्कृति से रूबरू करते हुए हरियाणवी संगीत, हिंदी गीतों की धुनों पर अद्भुत व मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों को उपहार व सर्टिफिकेट दिए गए। साथ-साथ माताओं को भी स्मार्ट मदर के उपहार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में अभिभावकों के लिए अलग-अलग प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जज की भूमिका प्रीति मालिक (लेक्चरर) और डॉक्टर रमणीत मलिक (एमडी रेडियो डायग्नोसिस पीजीआई रोहतक) ने निभाई। इस दौरान हेल्थ चेकअप कैंप का भी आयोजन किया गया और अभिभावकों को संतुलित आहार संबंधित जानकारी दी गई। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष राजीव मलिक, प्राचार्य बाय नाथ नायक सहित अन्य मौजूद रहे।

# खाप प्रधान वीरेंद्र को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

भराण गांव में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भराण गांव निवासी महम चौबीसी क्षेत्र की राठी खाप के प्रधान वीरेंद्र राठी का अपने पैतृक गांव भराण में स्वागत किया गया। हाल ही में उन्हें महम राठी खाप का महम चौबीसी क्षेत्र का प्रधान बनाया गया है। महम चौबीसी के विभिन्न गांवों से राठी खाप सहित गणमान्य व्यक्ति सम्मान समारोह में पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राठी खाप जिला अध्यक्ष मास्टर रामफल राठी ने की। मास्टर रामफल राठी ने कहा कि राठी खाप की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करके जल्द ही राठी खाप का सम्मेलन बुलाया जाएगा। नवनियुक्त प्रधान वीरेंद्र राठी ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ व समाज में भाईचारा बनाए रखने के लिए कार्य करते रहेंगे। निर्मला राठी ने कहा कि समाज का तानाबाना बनाए रखने में खापों की भूमिका सराहनीय रही है। नशे व दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के खिलाफ तथा अन्याय के खिलाफ खासकर महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचारों के खिलाफ खाप पंचायतों की भूमिका पर शक नहीं किया जा एकता। इस अवसर पर निंदाना तपा प्रधान सूरजमल राठी, पूर्व पार्षद जयवीर, सुनील अहलावत, अशोक राठी, पार्षद सतीश राठी, जयदेव राठी, महेंद्र, मास्टर, काला राठी व संजय आदि मौजूद रहे।



**महम।** भराण गांव में वीरेंद्र राठी को सम्मानित करते ग्रामीण।



### डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्स मनाया



**रोहतक।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव दिल्ली रोड़ स्थित विद्यालय में धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि डीएवी कॉलेज प्रबन्धकर्तृ समिति, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष व विद्यालय के चेयरमैन न्यायमूर्ति प्रीतम पाल रहे। विद्यालय की प्रबंधक आभा गंगल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान आरकैस्ट्रा, क्लासिकल नृत्य, कार्टून शो, मटरगश्ती, चक दे फट्टे आदि प्रस्तुतियां दी गई। खेलों पर आधारित नृत्य, पंजाबी नृत्य, हरियाणवी नृत्य कार्यक्रम के आकर्षण रहे। इसके अतिरिक्त बैले की प्रस्तुति भी दी गई। सभी दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से हौंसलाअफजाही की। इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया गया। न्यायमूर्ति प्रीतम पाल, सुनीता बहल व विद्यालय प्रबंधक आभा गंगल ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रमों की सराहना की। प्रधानाचार्य शंकर लाल ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

### विजेताओं को किया सम्मानित

**सांपला।** स्वामी नितानंद ग्लोबल रेजीडेंशियल स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। खेलों का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर मनोज गहलावत ने किया। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को खेल भावना से खेलना चाहिए। पहले दिन जूनियर बच्चों की प्रतियोगिताएं हुई तथा छोटे बच्चों ने खूब उत्साह के साथ विभिन्न खेलों में भाग लिया। बड़े बच्चों ने छोटे बच्चों का उत्साहवर्धन किया। दूसरे दिन बड़े बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं हुईं जिसमें मुख्यतः कबड्डी, रस्साकशी, खोखो, भाला व गोला फेंकना तथा विभिन्न दौड़ शामिल रही। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में ओवरऑल विजेता नितानंद हाउस रहा। इस अवसर मुख्य अतिथि ऑस्ट्रेलिया से मिस अमांडा तथा इंग्लैंड से लुईस खास मेहमान रहे। चेयरपर्सन पुष्पा दलाल ने विजेताओं को सम्मानित किया।

## आर्यसमाज में नेताओं ने स्वयं बलिदान दिए हैं: डॉ. विवेक आर्य

# स्वामी श्रद्धानंद को बलिदान दिवस पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आर्यसमाज में नेताओं ने स्वयं बलिदान दिये हैं। सभी को स्वाध्याय करना चाहिए। स्वामी श्रद्धानंद ने दलितोद्धार एवं शुद्धि आंदोलन के कार्यों को आगे बढ़ाया। 13 फरवरी 1923 को स्वामी श्रद्धानंद ने मतांतरित हिंदुओं की घरवापसी के लिये भारतीय हिंदू शुद्धि सभा की स्थापना की थी। ये विचार आर्य समाज मॉडल टाउन में आयोजित स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर दिल्ली से आए मुख्य वक्ता डॉक्टर विवेक आर्य ने व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि स्वामी श्रद्धानंद ने हिन्दू संगठन का महत्व बताते हुए 1923 में हिन्दू संगठन पुस्तक लिखी थी। दलितोद्धार और शुद्धि आंदोलन स्वामी श्रद्धानंद की वसीयत है।





स्वतंत्रानंद शास्त्री ने कविता सुनाकर स्वामी श्रद्धानंद का जीवन परिचय दिया। सुशील आर्य ने गीत, धर्म का नाम ही न था, अधर्म था फैलता यारों, ऋषि दयानंद जो दुनिया में न आते यारों, सुनाकर ऋषि दयानंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। डॉ. जगदेव सिंह विद्यालंकार ने कहा कि उनकी शिक्षा स्वामी श्रद्धानंद द्वारा स्थापित गुरुकुल कांगड़ी में ही हुई थी तथा वे वहां आचार्य पद पर भी रहे।

आर्य समाज मॉडल टाउन के प्रधान देसराज आर्य ने मंच संचालन किया। भारतीय हिन्दू शुद्धि सभा के महामंत्री सुभाष दुआ ने शुद्धि से संबंधित साहित्य का स्टॉल लगाया। कार्यक्रम में आर्य समाज के मंत्री रमेश बत्रा, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत सिक्का, कुलबीर आर्य जसराना, वीरेंद्र सहगल, आर्य वीर दल के कोषाध्यक्ष संजय कथूरिया, नरेश कुंडू, रविकांत, कृष्ण देव शास्त्री, सतीश सिंधवानी, डॉ. विनोद बिंद्रा, अंकुर अरोड़ा, सुमन भाटिया, यशपाल भाटिया, सुरेश मित्तल, संजीव सचदेवा आदि उपस्थित रहे।

### श्रद्धांजलि अर्पित की

पंडित संजीवन कुमार शास्त्री ने यज्ञ सम्पन्न करवाया। समीर सागर मुख्य यजमान रहे। दयावती आर्य ने गीत स्वामी श्रद्धानंद प्यारा है, तन मन धन जिसने देश पर वारा है सुनाकर स्वामी श्रद्धानंद को याद किया। पवनजीत आर्य ने भगवान आर्यों को पहली लगन लगा दे, वैदिक धर्म की खातिर मरना हमें सिखा दे सुनाया। डीएवी स्कूल के छात्र गौरव ने भाषण के माध्यम से स्वामी श्रद्धानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्राओं ने सामूहिक गीत सुनाया।

# 2024 में भाजपा की लोस व विस में होगी प्रचंड जीत, परिवारवाद से आगे नहीं बढ़ पाई कांग्रेस

## पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु बोले

■ कैप्टन अभिमन्यु के जन्मदिन पर जनसभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु का जन्मदिन रोहतक में धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन से एक दिन पहले पुरानी आईटी के पास चिन्योट कॉलोनी में जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट प्रवीण नारंग रहे। जनसभा में भाजपा नेताओं समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। जनसभा के दौरान तीन राज्यों में भाजपा की जीत का जश्न और पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। मुख्यातिथि के रूप में कैप्टन अभिमन्यु ने जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि जनता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है। कैप्टन अभिमन्यु ने कांग्रेस को गुलाबी गैंग बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाई भतीजावाद और परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टी है। जनता से कांग्रेस पार्टी के नेताओं को कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस के राज में पर्ची और खर्ची के बिना कुछ नहीं होता था, लेकिन जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, तब से पर्ची और खर्ची बंद हो गई है। युवाओं को ईमानदारी और योग्यता के आधार पर नौकरी मिल रही है। साथ ही उन्होंने अपने आप को मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर बताया है और कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के साधारण-से कार्यकर्ता हैं, वे मुख्यमंत्री की दौड़ में नहीं हैं।

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कांग्रेस गुलाबी गैंग बनकर रह गई है और कांग्रेस को जनता के हितों से कुछ भी लेना देना नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने मुख्यमंत्री चेहरे का ही चुनाव नहीं कर पा रही है। कांग्रेस भाई भतीजाबाद और परिवारवाद में सीमित कर रह गई है, इसलिए वह जनता का भला नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के साधारण कार्यकर्ता हैं और उन्हें पद की कोई लालसा नहीं। उन्होंने ने कहा कि 2024 में भाजपा की प्रदेश और केंद्र में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार आएगी।

### देश कर रहा तरक्की

जनसभा के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। जनता भी तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को ही प्रधानमंत्री देखना चाहती है। देश में भाजपा की लहर है और प्रदेश में भी अगली सरकार भाजपा की बनेगी। देश नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की तीसरी महाशक्ति बन रहा है। ढाका ने कहा कि भाजपा ने धारा 370 हटाकर बड़ा काम किया है। कुछ ताकतें ऐसी हैं जो देश को तोड़ना चाहती हैं, लेकिन भाजपा इसे उन्हें मंसूबो में सफल नहीं होने देगी।

### ये रहे मौजूद

जनसभा के दौरान आयोजन एडवोकेट प्रवीण नारंग, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन ढुल, सुनील राठौड, प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी लीगल सेल, बॉबी गजराज, मनोनीत पार्षद अमित बंसल, राजू सरपंच समरगोपालपुर, भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, सीनिसर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, राजेश , रेनू डाबला, पूर्व पार्षद अनिता मिगलानी, पार्षद राधेश्याम ढल, हिमांशु ग्रोवर, महाराज कर्णपुरी, राजकुमार सुनारियां, चेतना अरोड़ा, एडवाकेट वजीर, मनोज मक्कड़, अनिता बुधवार, तारा देवी और पदम ढुल समेत सैकड़ो भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने महम में पार्टी कार्यकर्ताओं के संग मनाया जन्मदिन



**महम।** महम में भाजपा कार्यकर्ताओं के संग केक काटकर जन्मदिन की खुशी मनाते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

**महम।** पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु का 18 दिसंबर को जन्मदिन है। उनके जन्म दिन के उपलक्ष्य पर रविवार को महम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक कार्यक्रम आयोजित किया। कैप्टन अभिमन्यु ने खुद भी इस कार्यक्रम में शिरकत की। महम पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने कैप्टन अभिमन्यु से केक कटवाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। कैप्टन अभिमन्यु ने भी समर्थकों व पार्टी कार्यकर्ताओं का हाल चाल जाना व परिवार की खैरियत के बारे में पूछा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों का प्रचार व प्रसार करने को कहा। साथ ही सरकार द्वारा जनता के हित में शुरू की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों के साथ सांझा करने को कहा। कैप्टन अभिमन्यु ने युवाओं को मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम नपा महम के पार्षद विकास श्योराण के आवास पर आयोजित किया गया। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवीन ढुल, भाजपा नेता तकदीर खरकड़ा, युवा मोर्चा के महम मंडल अध्यक्ष विकास श्योराण, भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रहे अजीत अहलावत, जस्सू नाई, वेदप्रकाश धवन, सत्यवीर भराण, मीना वाल्मीकि, सतपाल, पूर्व चेयरमैन फतेह सिंह, पंचायत समिति महम के अध्यक्ष नवनीत राठी, सतबीर सिंह व प्रशांत समेत कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य जांच शिविर में 65 लोगों की जांच की

**रोहतक।** लायंस क्लब द्वारा झंग कॉलोनी में फ्री हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी को निशुल्क दवाइयां दी गई। कैंप में 65 मरीजों की शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच व अन्य बीमारियों की जांच की गई। लायंस क्लब की तरफ से प्रधान अनिल छाबड़ा, प्रोजेक्ट चेयरमैन वीरेंद्र सचदेवा व क्लब के अन्य सभी सदस्य मौजूद रहे।



### स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**रोहतक।** सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा कृपाल आश्रम में मणिपाल अस्पताल द्वारका, दिल्ली के सहयोग से मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ, न्यूरो व स्पाईन सर्जन, जनरल फिजीशियन, और उससे संबंधित रोग विशेषज्ञ और फिजियोथ्रेपिस्ट आदि ने 226 मरीजों की मुफ्त जांच की। इसके अलावा उन्होंने मरीजों को आधुनिक जीवन में स्वास्थ्य के सही रख-रखाव के लिए खान-पान संबंधी महत्त्वपूर्ण हिदायतें व परहेज आदि भी बताए कि किस प्रकार छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर हम अपने स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं। शिविर में आए डॉक्टर ने मरीजों को बताया कि आज के आधुनिक युग की तेज रफ़्तार और भाग-दौड़ भरी दुनिया में लगभग हरेक व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से परेशान है क्योंकि एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में वह हर समय चिंता व तनाव से घिरा रहता है, जिसके कारण उसका ध्यान अपने शरीर के स्वास्थ्य की ओर बिल्कुल नहीं जा पाता।



### शिविर में 39 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक ।** ज़िला मुज्ज़फ़रगढ़ सभा द्वारा 12वां रक्तदान शिविर श्री प्राचीन हनुमान मंदिर बड़ा बाज़ार में लगाया गया। जिसमें 39 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि रवि गुगनानी, अंशुल पठानिया, विजय विज, श्याम कपूर रहे। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बलदेव राज मोंगिया, लव बावेजा, रमेश कालरा, अमित नगपाल, दया प्रकाश अरोड़ा, गौरव अरोड़ा, सतपाल अरोड़ा, प्रभु दयाल मदान, रमेश हिंदुजा, नारायण दास बतरा, राज कुमार मदान, हिमांशु मल्होत्रा, चंद्र प्रकाश सचदेवा, नरेंद्र धींगड़ा, भारत भूषण आदि मौजूद रहे।

## सोनी व हुनर ने संवाद प्रतियोगिता में हासिल किया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ श्री बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा



श्री बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। निदेशक हंसराज बालवान ने बताया कि कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने गत 16 दिसंबर को शहीद रविंद्र कुमार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांधीनगर में जिला स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जहां हुनर व सोनी ने संवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि कैडेट नूपुर, कैडेट दिव्या पांडे और कैडेट प्रीति कुमारी को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार मिला।

अब हुनर और सोनी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सोमवार को कुरुक्षेत्र जाएंगे। निदेशक हंसराज ने छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्य सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इससे पहले विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया, जिसमें कक्षा आठवीं से परी और खुशी ने संवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, कक्षा सातवीं से सोनी और हुनर ने संवाद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान, कैडेट नूपुर, कैडेट दिव्या पांडे, कैडेट प्रीति कुमारी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान, कक्षा नौवीं से हिमांशी ने पेंटिंग में द्वितीय स्थान व हिमांशी, चित्रा और रिंकी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया।

## पेंशन दिवस पर डीएस नकारा को पुष्प अर्पित किए

**रोहतक।** डीएस नकारा की याद में पेंशनर दिवस मानसरोवर पार्क सीनियर सिटीजन क्लब रोहतक में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम नकारा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया व उनके जीवन पर प्रकाश डाला। ध्यान रहे कि 17 दिसम्बर को पूरे भारत में पेंनशर दिवस के रूप में मनाया जाता है। राज्य प्रधान देवराज नांदल, चेयरमैन मेहर सिंह नैन व अतिरिक्त राज्य प्रधान महासचिव वीरेंद्र शर्मा ने इस मौके पर कहा कि हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज की मांगे जो बहुत लम्बे समय से चली आ रही है। जिनके बारे में बार बार डीसी के माध्यम से, मंत्रियों, राज्य सभा सांसदों व सांसदों के माध्यम से सरकार को अवगत करवाया गया। लेकिन हरियाणा सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। पदाधिकारियों ने कहा कि अब मांगों को लेकर आंदोलन तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज रोहतक के पेंशनर ईश्वर सिंह, आनंद स्वरूप, धनपति, कमलावती व समय राम खत्री को 80 वर्ष पूरे होने उपरांत स्मृति चिन्ह देकर राज्य कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। इनके अलावा कई और पेंशनर्स भी सम्मानित किए।

## 23 को विस अध्यक्ष गुप्ता रखेंगे सिद्ध पीठ कुलदेवी लक्ष्मी मंदिर की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



एक ईंट एक रुपया चौक के पास महाराजा अग्रसेन नगर में अग्र कुलदेवी महालक्ष्मी मंदिर की आधारशिला 23 दिसंबर को रखी जाएगी इस दौरान मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता होंगे। ट्रस्ट के चैयरमेन राजेश जैन ने बताया सिद्ध पीठ भूमि पूजन पर अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, मेयर मनमोहन गोयल होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता अजय बंसल करेंगे।

मुख्य यजमान प्रसिद्ध उद्योगपति सुरेंद्र जैन होंगे। एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने कहा कि इस दिन कीर्तन, हवन भूमि पूजन के अलावा सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारा आयोजित होगा। उन्होंने शहर के सभी लोगों को परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि भूमि पूजन पर आए सभी मेहमानों को सिद्ध किया हुआ श्रीयंत्र भी वितरित किया जाएगा। इस मौके पर ट्रस्ट के चैयरमेन राजेश जैन व सदस्यों ने ट्रस्ट की निमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी राजीव जैन, अध्यक्ष नरेश गोयल, गणेश गोयल, सतीश, सुशील गुप्ता, देसराज बंसल, लोकेश जैन, विपिन गुप्ता, मुकेश गुप्ता, मुकेश सिंगला, ईश्वर, राजेश जैन, दीक्षित गोयल, परम भूषण आर्य, बीरबल गुप्ता, लोविना सिंगला, दीपक तायल, आशीष जैन, नीरज बंसल, प्रेम चंद गर्ग, राजन गोयल आदि उपस्थित रहे।

## रोहतक के पूर्व उपायुक्त बलबीर सिंह मलिक का 92 वर्ष की उम्र में निधन



**रोहतक।** रोहतक के पूर्व उपायुक्त बलबीर सिंह मलिक का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे इन दिनों वे अपने निवास स्थान गुरुग्राम में रह रहे थे। पिछले कुछ दिनों से वह बीमार चल रहे थे।

गुरुग्राम में ही उनका दाह संस्कार किया गया। बलबीर सिंह का जन्म गांव जसराना के एक किसान परिवार में 5 फरवरी 1932 को हुआ था। वे जाट शिक्षण संस्था से शिक्षा पूरी कर 1955 में संयुक्त पंजाब में राज्यस्व अधिकारी के रूप में चयनित हुए। इसके बाद हरियाणा के गठन के बाद उनका चयन हरियाणा सिविल सर्विस के लिए हुआ। इस दौरान उन्होंने जींद, हांसी और कैथल में उपमंडलाधीश के रूप में सेवाएं दी। इसके बाद उनका चयन आईएएस के रूप में हुआ। इस दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल के डिप्टी प्रिंसिपल सेक्रेटरी के रूप में सेवाएं दी। जुलाई 1987 से फरवरी 1990 तक रोहतक के उपायुक्त के रूप में कार्यरत रहे। इसके बाद मार्च 1990 को उन्होंने हरियाणा लोक सेवा आयोग के सदस्य का पदभार संभाला। सेवानिवृत्ति के बाद से ही वे रोहतक में रहने लगे।



## दा आर्यन ग्लोबल स्कूल में आर्यन एंथूजिया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दा आर्यन ग्लोबल स्कूल में आर्यन एंथूजिया कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर केएस गुलिया रहे। खेलकूद में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट का आयोजन किया। बच्चों ने टॉर्च रिले, रिंग ड्रिल, पिरामिड ड्रिल, मार्च पास्ट, फ्रॉग रेस, रिले रेस, रस्साकस्सी और ऑब्सटैकल, रोल पिन, गतिविधियों में भाग लिया। लॉन्ग जंप, हाई जंप गतिविधियों में विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। छात्राओं ने अपना नृत्य प्रस्तुत सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर योगा ड्रिल हुई, जिसके माध्यम से बच्चों ने शरीर को तंदुरुस्त और फिट रखने का संदेश दिया। चौथी कक्षा से दसवीं कक्षा तक के छात्रों ने आर्केस्ट्रा और बैंड प्ले करके कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। ब्रिगेडियर केएस गुलिया ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते रहना चाहिए। स्कूल निदेशिका सुनीता अहलावत, प्राचार्य आरके खन्ना, स्कूल प्रबंधक सुरेश सिंगला तथा प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बच्चों को पुरस्कृत किया।

## गांव काहनी और घिलोड़ कलां में नाटक आयोजित किए



**रोहतक।** ब्रेक थ्रू संस्था द्वारा गांव काहनी और घिलोड कलां में नाटक आयोजित किए गए। नाटक में ग्रामवासियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। दिव्या ने बताया कि इस प्रकार के प्रोग्राम समय-समय पर होते रहने चाहिए ताकि गांव के लोग भी मोटिवेट हो सके और अपने बच्चों को आगे बढ़ने का मौका दे सके। संगीता ने भी बताया कि समय-समय पर इस प्रकार का मोटिवेशन मिलता रहा तो जो लड़कियां घर में बात नहीं कर पा रही है वह भी बात करने लग जाएंगी और वो भी अपने सपने पूरे कर पाएंगे। इसलिए हमें अपनी समस्याओं पर बात करना बहुत जरूरी है। रीना ने बताया कि हिंसा किसी रूप में जायज नहीं है। मारपीट के जगह हमें बातचीत करना चाहिए। सभी समस्याओं के हल बातचीत ही है। सुरेश ने बताया कि यह ब्रेकथ्रू संस्था का बहुत ही बेहतरीन प्रोग्राम है। इससे समाज में बदलाव देखने को मिलेगा।



### रिकार्ड कीपर भूपिंदर वर्मा सेवानिवृत्त

**रोहतक।** जिला न्यायालय में कार्यरत रिकार्ड कीपर भूपिंदर वर्मा सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने 26 साल 7 महीने तक कार्यालय में सराहनीय सेवाएं दी। उनकी सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर एसीजेएम मंगलेश कुमार, राजेश जोगपाल रीडर, परवीन जैन रीडर, संदीप बल्हारा, रणजीत दहिया आदि मौजूद रहे।

### साहिब का शहीदी दिवस मनाया



**रोहतक।** जींद रोड स्थित गुरुद्वारा बंगला साहिब में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब का शहीदी दिवस सत्कार से मनाया गया। जिसमें भाई गुरदेव सिंह ऑस्ट्रेलिया वाले, भाई मनप्रीत सिंह कानपुरी ने कीर्तन कर संगतों को निहाल किया। इस मौके पर अवतार सिंह खुराना, सरदार भूपिंदर सिंह असंध, अध्यक्ष एचएसजीएमसी, महामंडलेश्वर कपिल पुरी महाराज, सरदार मोनू, गुरप्रीत सिंह, महिंदर सिंह ढींगरा, परमजीत सिंह, सिमरन खुराना, अर्पण, अवतार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### एमडीएन में संगोष्ठी का आयोजन



**रोहतक।** एमडीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से 11वीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यापकों ने अभिभावकों से बच्चों के हर विषय के परीक्षा परिणाम पर चर्चा की। विद्यालय के एडमिन डायरेक्टर कृष्ण कुमार और सीनियर कोऑर्डिनेटर केदार व पिंकी लांबा ने कहा कि छात्रों के जीवन में माता-पिता की भूमिका अहम होती है। उनका सहयोगात्मक दृष्टिकोण घर और स्कूल के वातावरण के बीच सकारात्मक व्यवहार को मजबूत करने और बच्चे के चरित्र को आकार देने में मदद करता है। अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी जीवन की चुनौतियों को पहचान करने व उन्हें हल करने के लिए एक ऐसा महत्वपूर्ण मंच है जो बच्चे के विकास में अहम भूमिका निभाता है।

## राधास्वामी आश्रम में सत्संग का आयोजन

# सुख है केवल परमात्मा की भक्ति में : कंवर साहेब महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गोहाना रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में सत्संग में राधास्वामी दिनोद के परमसंत सतगुरु कंवर साहब महाराज ने कहा कि सुख है केवल परमात्मा की भक्ति में है। उन्होंने कहा कि बलख बुखारे के बादशाह ने भी प्रभु की लगन में एक पल में राजपाट त्याग दिया था। बल्ख बुखारे का बादशाह था। एक दिन उसे महल की छत पर आवाज सुनाई दी उठकर जब गया तो एक आदमी ने कहा कि मेरा एक ऊंट गुम हो गया मैं छत पर ऊट ढूंढ रहा हूं। राजा बोला महल की छत पर भी कभी ऊंट हो सकता है क्या? आदमी बोला कि जिस प्रकार महल की छत पर ऊंट नहीं मिल सकता। उसी प्रकार महल में परमात्मा नहीं पाया जा सकता। बादशाह को उसी वक्त ज्ञान हो गया। कंवर साहब महाराज ने कहा कि जो वस्तु सालों के तप में नहीं है वो आप सत्संग की एक घड़ी में पा सकते हैं, लेकिन सत्संग करे कौन। सब काल माया के मोह जाल में उलझे हैं। माया बड़ी लुटेरी है ए किसी को नहीं बख्शती। माया के फेर में केवल सन्त नहीं आते। सन्त तो माया को भी दासी बना कर रखते हैं। कुल, मान बड़ाई, अभिमान के साथ भक्ति सम्भव नहीं है। भक्ति तो केवल कोई बिरला सूरमा ही कर सकता है, जिसने अपने आपे को मार लिया। उन्होंने कहा कि काम क्रोध मोह माया त्यागे बिना भक्ति हो ही नहीं सकती। गुरु महाराज ने कहा कि एक बार कोई किसी के साथ दगा कर देता है तो वो जीवन भर आपका सगा नहीं हो सकता। क्यों धोखा करते हो, क्यों किसी का बुरा सोचते हो। ऐसे धन की कमाई कोई काम नहीं आएगी।

### सिर पर खड़ी है मृत्यु

कंवर साहब महाराज ने कहा कि मृत्यु आपके सिर पर खड़ी है। ये भी नहीं पता कि हाथ का ग्रास मुंह तक पहुंचेगा भी या नहीं। फिर किस बात का अभिमान। गुरु महाराज ने कहा कि अपने धर्म से भटके हुए को और कर्तव्यों से विमुख व्यक्ति को त्यागने में एक पल का भी विलम्ब ना करो। प्रह्लाद ने अपने पिता को त्याग दिया था। विभीषण ने अपने भाई को एक पल में छोड़ दिया। भरत ने अपनी माता का त्याग कर दिया। संतों की बानी भी कहती है कामी गुरु को निमोर्ही माता को और आलसी चेले को त्यागने में कोई बुराई नहीं है। गुरु भेदभाव नहीं करताकंवर साहब महाराज ने कहा कि जीव गुरु की दसवें गुरु गोबिंद सिंह के समय में सुथरा नाम का भोला भाला भक्त था। गुरु महाराज उस से हंसी मजाक करते थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20